Bareilly, Friday,
31 October 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE: NO II MIDDLE

# क्रिकेट में हल्द्वानी व देहरादून स्ट्राइकर्स विनर



श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी–20 प्राइज मनी वूमन क्रिकेट टूर्नामेंट भोजीपुरा के तीसरे दिन गुरुवार को हुए वर्षा बाधित मैचों में हल्द्वानी क्वींस ने डीएलएस पद्धति से दिल्ली दबंग वूमन को हराया दिया . वहीं, देहरादून स्ट्राइकर्स ने एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को तीन विकेट से पराजित कर फाइनल मे प्रवेश किया .पहले मुकाबले में दिल्ली दबंग ने टास जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 67 रन बनाए. हल्द्वानी की गेंदबाज अंकिता शाह ने बढ़िया प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर मे मात्र आठ रन देकर दो विकेट चटकाए . साथ ही 26 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाकर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई . वहीं, बारिश के चलते मैच बाधित होने की स्थिति मे डीएलएस पद्धति से हल्द्वानी को विजेता घोषित कर दिया गया और अंकिता शाह को प्लेयर आफ द मैच चुना गया .दूसरा मैच एसआरएमएस एकेडमी और देहरादून स्ट्राइकर्स के बीच खेला गया .